Title: Need to start Centrally sponsored projects for human resource development in Bihar -Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): महोदय, बिहार राज्य की अत्यधिक जनसंख्या और इसके उच्च जनसंख्या घनत्व पर विचार करते हुए यहां मानव संसाधन विकास के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है। फिलहाल राज्य में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्रणाली जीर्ण शीर्ण है। अधिकतर उच्चकोटि के विद्यालय जैसे नेतराहट स्कूल, गर्ल्स रेजीडेंशियल स्कूल, हजारीबाग और सैनिक स्कूल तिलैया अब झारखंड राज्य में चले गये हैं। अधिकतर तकनीकी संस्थान भी झारखंड राज्य में ही हैं। राज्य के विभाजन के पश्चात बिहार में शिक्षा, विज्ञान तथा प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में राट्रीय स्तर का कोई संस्थान नहीं बचा है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृट कर निवेदन करना चाहता हूं कि मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में केन्द्र द्वारा प्रत्यायोजित योजनाओं को बड़े पैमाने पर शुरू कराने की कृपा की जाये।